आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए शुरू किया राष्ट्रव्यापी एच.पी.वी टीकाकरण अभियान।
- प्रदेश में 64 हजार से अधिक बच्चियों को अगले तीन महीनों में सर्विकल कैंसर से बचाने के लिए लगाए जाएंगे एच.पी.वी टीके।
- केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू दो दिवसीय दौरे पर चंबा पहुंचे– कल अनेक विकास योजनाओं का करेंगे शिलान्यास।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह व गजेन्द्र शेखावत से मुलाकात कर प्रदेशहित से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर में 14 वर्ष तक की आयु वाली बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी एच.पी.वी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य सर्विकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर से संबंधित रूग्णता के प्रमुख कारणों में से एक है। इस अभियान की औपचारिक शुरुआत पांच बालिकाओं को एच.पी.वी का टीका लगाकर की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अभियान देश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सर्विकल कैंसर

प्रदेश में 64 हज़ार से अधिक बच्चियों को सर्विकल कैंसर से बचाने के लिए एच.पी.वी टीके लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के आईजीएमसी में सर्विकल कैंसर के खिलाफ राज्य स्तरीय एच.पी.वी टीकाकरण अभियान के शुभारंभ अवसर पर ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर के मामलों में हिमाचल देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और राज्य सरकार ने कैंसर के मामलों में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों, अभिभावकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एच.पी.वी टीकाकरण को लेकर बच्चियों को जागरूक करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए तीन हज़ार करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे और राज्य के सभी अस्पतालों में अति आधुनिक चिकित्सा मशीनें लगाई जाएंगी।

## किरेन रिजिजू

केंद्रीय संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू आज दो दिवसीय दौरे पर चंबा पहुंचे। उन्होंने आज ढुंडियारा बंगल में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। किरेन रिजिजू ने प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी व खजियार का दौरा भी किया। वे कल भंजराडू में आईटीआई भवन व खेल स्टेडियम और सलूणी में इंडोर स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे।

इससे पहले आज सुबह गग्गल हवाई अड्डे पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत में किरेन रिजिजू ने कहा कि जनजातीय व दुर्गम क्षेत्रों का विकास केन्द्र सरकार की प्राथमिकता है और इन इलाकों के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने नई दिल्ली में हुए ए.आई समिट के दौरान युवा कांग्रेस के प्रदर्शन को देश विरोधी घटना बताया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने इस घटना के आरोपियों को संरक्षण दिया है। रणधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचल का मुख्यमंत्री कार्यालय इस घटना का सूत्रधार रहा है और इस मामले में मुख्यमंत्री की भूमिका की केन्द्रीय एजैंसियों से जांच करवाई जानी चाहिए।

उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना ज़िले में श्री चिंतपूर्णी मंदिर क्षेत्र के लिए बनाई गई उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इस पर करीब साढ़े 12 करोड़ रूपये की लागत आई है और इससे क्षेत्र की पांच पंचायतों को पेयजल सुविधा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल योजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है और प्रदेशभर में अनेक योजनाओं का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

जयराम

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर प्रदेशहित से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा की। बाद में जयराम ठाकुर ने केन्द्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेन्द्र शेखावत से मुलाकात कर मंडी में निर्माणाधीन शिवधाम परियोजना और पर्यटन से जुड़ी अन्य परियोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिवधाम परियोजना से प्रदेश के पर्यटन में नए आयाम स्थापित होंगे और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है लेकिन इसमें पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखना भी ज़रूरी है। उन्होंने आज सोलन नगर निगम की परिधि में खतरा बन चुके पेड़ों को काटने के लिए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि भविष्य में उन्हीं स्थानों पर पेड़ों को काटने की अनुमति दी जाएगी जहां जान–माल का संभावित खतरा हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक पेड़ काटने के एवज में 5 पेड़ लगाना अनिवार्य होगा। उद्योग मंत्री ने सोलन ज़िले के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी–बरोटीवाला–नालागढ़ में सड़कों की दशा सुधारने की बात भी कही।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर सैंकड़ों शिक्षण संस्थान बंद कर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन और युक्तिकरण के नाम पर लगभग 2 हज़ार स्कूलों को बंद कर दिया है। बिंदल ने कहा कि अपने 40 महीनों के कार्यकाल में राज्य सरकार ने अनेक जनविरोधी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर वन, खनन और चिट्टा माफिया को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।

## अविष्कार अभियान

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत आज नाहन में विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग और गणित पर मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें ज़िले के 55 स्कूलों के बच्चों ने कई दिलचस्प मॉडल प्रदर्शित किए। शिक्षा विभाग के उपनिदेशक रीता गुप्ता ने बताया कि बच्चों में विज्ञान व इंजीनियरिंग जैसे विषयों के प्रति रूचि पैदा करने के लिए राष्ट्रीय अविष्कार अभियान चलाया जा रहा है ताकि वे इन विषयों में अपनी योग्यता का भरपूर प्रदर्शन कर सकें।